कुप्रबंधन | आपसी संघर्ष में मौत का दावा, जिले में अब तक मारे गए सात बाघ

# बांधवगढ़ में फिर मिला बाघ का क्षत-विक्षत शव

**चिल्हारी नवभारत 16 अप्रैल।** जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में फिर एक बाघ की मौत हुई है। साल 2026 बांधवगढ़ में बाघों के लिए अनुकूल साबित नहीं हो रहा है।

बुधवार को बांधवगढ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र पनपथा कोर की बीट बघडो में एक बाघ शावक के मृत होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल एनटीसीए प्रोटोकॉल के अनुसार मौके पर वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डाग स्क्वॉड बुलाकर क्षेत्र की सघन सर्चिंग कर मेटल डिटेक्टर से जांच करायी गई। उसके उपरांत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए वन्यप्राणी स्वास्थ्य अधिकारी,



बांधवगढ टाइगर रिजर्व एवं खंड पशु चिकित्सा अधिकारी, मानपुर की टीम द्वारा शव परीक्षण किया गया।

### हाथियों की सहायता से निगरानी जारी

शव परीक्षण उपरांत विभागीय सक्षम अधिकारियों प्रभारी क्षेत्र संचालक एवं उपसंचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया, राजस्व अधिकारी, एनटीसीए प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में शवदाह किया गया। शव परीक्षण में प्रथम दृष्टया मृत्यु का कारण आपसी संघर्ष में मृत्यु होना पाया गया है। क्षेत्र में विभागीय कैंप व हाथियों की सहायता से सर्च कराया जा रहा है तथा विवेचना जारी है।

### चार की मौत टाइगर रिज़र्व क्षेत्र में हुई

बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व सहित उमारिया जिले के सामान्य वन मण्डल में अब तक सात बाघ मारे जा चुके हैं, जिनमे चार की मौत टाइगर रिज़र्व क्षेत्र सीमा पर एवं तीन सामान्य वन मण्डल की सीमा पर मारे गए है।

# अनियमितता पर सेक्टर पर्यवेक्षक किया गया निलंबित

आंगनबाड़ी के शौचालय में भोजन तैयार करने का मामला

**डिंडोरी, शहपुरा, नवभारत 16 अप्रैल।** जिले में आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में लापरवाही पाए जाने पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के आदेशानुसार सेक्टर मानिकपुर की पर्यवेक्षक लक्ष्मी शिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, सेक्टर मानिकपुर अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र डोमदादर में विगत चार माह से बच्चों के लिए शौचालय में भोजन तैयार किए जाने का मामला सामने आया था, जिससे स्वच्छता संबंधी गंभीर लापरवाही उजागर हुई।

### आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग नहीं की गई

जांच में पाया गया कि संबंधित पर्यवेक्षक द्वारा निर्धारित निरीक्षण नहीं किया गया तथा आंगनबाड़ी केंद्रों की नियमित मॉनिटरिंग में कमी रही। शासन के निर्देशानुसार सेक्टर पर्यवेक्षक को प्रति माह निर्धारित संख्या में भ्रमण करना अनिवार्य है, जिसका पालन नहीं किया गया।

### पहले कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था


इस संबंध में पूर्व में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, किन्तु प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के तहत कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया गया।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

निलंबन अवधि में संबंधित का मुख्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, मेहंदवानी कार्यालय निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन-निर्वाह भत्ता देय होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# उत्कृष्ट विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

139 नियमित विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, 136 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की



**डिंडौरी, नवभारत 16 अप्रैल।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया है।

विद्यालय की प्राचार्य उपासना चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं के कुल 139 नियमित विद्यार्थियों में से सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की, जिनमें से 136 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

**रामेश्वर गौतम ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए-** विद्यालय के छात्र रामेश्वर गौतम ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दीपक पराशर (पिता चंद्र सिंह पराशर) ने 93 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा अमृता सरिवान ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**कक्षा 12वीं परीक्षा में भी प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा-** हायर सेकंडरी कक्षा 12वीं परीक्षा में भी विद्यालय का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा। विज्ञान संकाय के 57 विद्यार्थियों में सभी ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय के 30 विद्यार्थियों ने भी शत-प्रतिशत प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। कला संकाय के 54 में से 53 तथा कृषि संकाय के 44 में से 43 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस प्रकार हायर सेकंडरी परीक्षा का कुल परिणाम 98 प्रतिशत रहा।

**प्रिंस चंदेल ने 94 प्रतिशत अंक हासिल किए-** कक्षा 12वीं में गणित संकाय से प्रिंस चंदेल ने 94 प्रतिशत अंक तथा कृषि संकाय से हेमलता पराशर ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अन्य मेधावी विद्यार्थियों में अनुष्का पांडेय ने 93 प्रतिशत, श्रेया चौरसिया ने 92प्रतिशत, मन्तसा कौशर ने 89प्रतिशत एवं पूजा चौरसिया ने 92 प्रशित अंक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

### धमनगांव में शौर्या साहू ने कक्षा 10वीं में किया टॉप



सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव की छात्रा शौर्या साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। शौर्या की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य हर्ष प्रताप सिंह एवं समस्त शिक्षक स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें एवं उनके पिता प्रशांत साहू तथा माता संदीपा साहू को शुभकामनाएं दीं।

### करंजिया के छात्र-छात्राओं ने रचा सफलता का इतिहास

**करंजिया।** शासकीय मॉडल उमावि करंजिया ने वर्ष 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। कक्षा 10वीं में कुल 123 विद्यार्थियों में से 121 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 112 विद्यार्थी सफल घोषित हुए। विद्यालय का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 92.06प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 99 एवं द्वितीय श्रेणी में 13 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।

**प्रिंस खांडे ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए-** कक्षा 10वीं की मेरिट सूची में प्रिंस खांडे ने 93.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान पर श्वेता बनावल (93प्रतिशत) तथा तृतीय स्थान पर दीपांजलि मरकाम (91.6प्रतिशत) रहीं। अन्य प्रमुख सफल विद्यार्थियों में पूजा धुर्वे, उमंग वर्मन, साक्षी पैंदो, प्रशांत कुमार, खुशबू नंदा, कुमोदिनी एवं सोना यादव शामिल हैं।

**कक्षा 12वीं में 85 विद्यार्थी सफल रहे -** कक्षा 12वीं का परिणाम भी उल्लेखनीय रहा। कुल 99 विद्यार्थियों में से 98 परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 85 विद्यार्थी सफल रहे। विद्यालय का उत्तीर्ण प्रतिशत 86.7प्रतिशत रहा। प्रथम श्रेणी में 65 एवं द्वितीय श्रेणी में 20 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की।क क्षा 12वीं की मेरिट सूची में हंसिका यादव ने 86.6 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीतू श्याम (84.2 प्रतिशत) द्वितीय एवं सुरंजना बनावल (84प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं। अन्य सफल विद्यार्थियों में रश्मि नागेश एवं भुवनेश्वरी यादव शामिल हैं।

## 10वीं की 4 छात्राओं ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट पाया स्थान, 12वीं के कार्तिक शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए





**चिल्हारी नवभारत 16 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री परीक्षा परिणामों मे इस वर्ष उमरिया जिले के विद्यार्थियों, विशेषकर बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 10वीं की परीक्षा में जिले की चार छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया, वहीं 12वीं मे एक छात्र ने प्रदेश मे दूसरा स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। वैष्णवी गुप्ता, अर्पिता द्विवेदी, आराधना मेहरा और स्वाति पटेल नें हाईस्कूल मे उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

**वैष्णवी गुप्ता ने 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किए-** हाईस्कूल परीक्षा में नवज्योति अकादमी उमावि मानपुर की छात्रा वैष्णवी गुप्ता ने 98.4 अंकों के साथ प्रदेश मेरिट सूची मे 8वां स्थान प्राप्त किया। शासकीय सांदीपनि मॉडल उमावि पाली की अर्पिता द्विवेदी एवं आराधना मेहरा तथा शासकीय हाईस्कूल पनपथा की स्वाति पटेल ने 98 प्रतिशत अंकों के साथ 10वां स्थान अर्जित किया।

**जिले में निशांत व काजल रहीं प्रथम स्थान पर-** जिले की मेरिट सूची में सरस्वती उमावि मानपुर के गौरव पटेल, नवज्योति अकादमी मानपुर के निशांत तिवारी एवं काजल जायसवाल ने 97.06 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर शासकीय उमावि भरेवा की राशि मिश्रा 97.04 प्रतिशत अंक के साथ रहीं। तृतीय स्थान पर श्री संस्कार मॉडर्न स्कूल अखड़ार के सुजीत कुमार राय, सरस्वती शिशु मंदिर विंध्य कॉलोनी के अजय सिंह एवं ब्रह्मर्षि बावरा उमावि तपोवन सलैया की दीपाली बैगा 97.02 प्रतिशत अंकों के साथ रहे।

**हायर सेकेण्ड्री परीक्षा में बजाया डंका-** हायर सेकेण्ड्री परीक्षा मे नवज्योति अकादमी उमावि मानपुर के छात्र कार्तिक शर्मा ने 500 मे से 490 अंक (98 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। जिले की टॉप सूची में कला संकाय से शासकीय सांदीपनि बालक उमावि मानपुर की अर्चना पटेल (93 प्रतिशत) प्रथम तथा नेहरू कॉन्वेंट स्कूल भरौला की अनुष्का यादव (91 प्रतिशत) द्वितीय स्थान पर रहीं।

**पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बेहतर रहा परिणाम-** इस वर्ष जिले का परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष की तुलना मे बेहतर रहा है। 10वीं में 6880 परीक्षार्थियों में से 5358 उत्तीर्ण हुए, जिससे परिणाम 72.27 प्रतिशत से बढ़कर 77.87 प्रतिशत हो गया। वहीं 12वीं में 4399 में से 3531 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और परिणाम 68.44 प्रतिशत से उछल कर 80.27 प्रतिशत तक पहुंच गया।

### मॉडल विद्यालय का कक्षा 12वीं में 86.88 प्रतिशत व 10वीं में 83.33 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम





**अमरपुर नवभारत 16 अप्रैल।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें जनपद शिक्षा केन्द्र अमरपुर क्षेत्रांतर्गत शास. मॉडल. उच्च. माध्य. विद्या. अमरपुर का कक्षा 12वीं में 86.88 प्रतिशत एवं कक्षा 10वीं में 83.33 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में अध्ययनरत छात्रा साक्षी भवानी ने 85 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम, जानकी परस्ते ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं संगीता यादव ने 82.8 प्रतिशत अंकों तृतीय स्थान हासिल किए। वहीं पर कक्षा 10वीं में अध्ययनरत छात्र शैलेन्द्र कुमार मानिकपुरी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, रश्मि कुशराम ने 88.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं राजनंदनी परस्ते ने 87 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किए।

# जल की हर बूंद का करें संचयन : पार्षद गुप्ता

जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत शिव शक्ति चौक पर 'जल चौपाल' का आयोजन

**शहपुरा नवभारत 16 अप्रैल।** जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के संकल्प के साथ आज शहपुरा के शिव शक्ति चौक स्थित सामुदायिक भवन में 'जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम' के अंतर्गत जल चौपाल का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद अनूप गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी रीना राठौर, वंदना कच्छवाहा और नगर परिषद के समस्त कर्मचारी मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। चौपाल के दौरान पार्षद अनूप गुप्ता ने जल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के जल निकायों को स्वच्छ रखें और जल की हर बूंद का संचयन करें।



### सीएमओ ने दी योजनाओं की जानकारी

सीएमओ रीना राठौर ने नगर परिषद द्वारा जल संवर्धन के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और सामुदायिक भागीदारी को इस अभियान की सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में उपस्थित नगर परिषद के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने जल संरक्षण की शपथ ली और आगामी समय में जल स्त्रोतों के रख-रखाव के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

# बिना पंजीयन संचालित श्री गुरु कृपा जैन भोजनालय सील

**डिंडोरी, नवभारत 16 अप्रैल।** खाद्य पदार्थों में मिलावट और दूषित खाद्य सामग्री के विक्रय पर रोक लगाने के लिए जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार गुरुवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा व्यापक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान जबलपुर बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान श्री गुरु कृपा जैन भोजनालय (प्रोपराइटर शैलेंद्र जैन) बिना वैध पंजीयन के संचालित पाया गया। साथ ही यहां खाद्य पदार्थ खुले में विक्रय किए जा रहे थे। प्रशासन ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को तत्काल बंद करवा दिया।

**सैंपल जांच के लिए भेजे गए-** खाद्य पदार्थों में उपयोग किए जा रहे पके तेल और टमाटर चटनी के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि वैध पंजीयन प्राप्त करने और आवश्यक शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के बाद ही पुनः संचालन की अनुमति दी जाएगी।



**मोले होटल में साफ-सफाई का अभाव पाया गया-** इसी क्रम में मोले होटल (प्रोपराइटर मोले दास) में भी निरीक्षण किया गया, जहां साफ-सफाई का अभाव और खुले में खाद्य विक्रय पाया गया। किचन की स्थिति असंतोषजनक मिलने पर सुधार सूचना नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा जसवंत किराना (जसवंत सिंह) और सरोज किराना (सज्जन ठाकुर) का भी निरीक्षण कर संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**मनोहर चाय से कोकोनट वॉटर के नमूने लिए-** मनोहर चाय (अनुराग वैश्य) से कोकोनट वाटर और बिस्किट के नमूने लिए गए, जबकि श्री नर्मदा फूड एंड बेवरेज (आयुष पाठक) से एनर्जी ड्रिंक का सैंपल जांच हेतु भेजा गया। मदन होटल (प्रोपराइटर मदन बर्मन) में अत्यधिक गंदगी, टूटा-फूटा फर्श, पानी की निकासी की खराब व्यवस्था और अस्वच्छ परिस्थितियों में खाद्य निर्माण पाया गया। यहां भी सुधार सूचना नोटिस जारी करते हुए फर्श मरम्मत और स्वच्छता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए गए।



## तेज रफ्तार डंपर से विद्युत तार टूटे, आधी रात बड़ा हादसा टला

**अमरपुर नवभारत 16 अप्रैल।** जनपद पंचायत मुख्यालय के रानी अवंती बाई बाजार तिराहे पर बीती रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब एक तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर विद्युत के केबल तार में फंस गया। उक्त घटना बीती रात करीब 1 बजे की हैं। जब बाजार क्षेत्र लगभग सुनसान था और अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे। बताया जा रहा हैं कि गिट्टी से लोड डंपर तेज गति से बाजार के बीच से गुजर रहा था। इसी दौरान जल जीवन मिशन के पाइप लाइन के ऊपर लगे विद्युत के केबल तार में डंपर फंस गया। चालक बिना रुके वाहन को तेज रफ्तार में दौड़ाता रहा। जिससे करीब आधा किलोमीटर तक तार घिसटते हुए कई जगह से टूट गए। इस दौरान खंभों में तेज आवाज और चिंगारी से आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए।



# मकान सूचीकरण के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुरू

जनगणना 2026-27 के तहत तीन दिन चलेगा प्रशिक्षण

**शहपुरा नवभारत 16 अप्रैल।** जनगणना वर्ष 2026-27 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण कार्य के लिए सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के प्रथम बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 15 अप्रैल से शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शहपुरा में प्रारंभ किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) ऐश्वर्य वर्मा ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। वर्मा ने मास्टर ट्रेनर्स को भी निर्धारित अवधि में प्रशिक्षण पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आरपी मार्को तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी, बीएस धुर्वे नायब तहसीलदार, रैपुरा, टीएल धुर्वे नायब तहसीलदार, मेहंदवानी, गुरुप्रसाद साहू बीआरसी, डीके श्रीवास्तव प्राचार्य, उत्कृष्ट विद्यालय सहित समस्त संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनगणना कार्य को प्रभावी, सटीक एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## अवैध रेत उत्खनन पर कार्यवाही, ट्रैक्टर जब्त

**डिंडौरी।** वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल अशोक कुमार सोलंकी एवं उप वनमंडल अधिकारी गाड़ासरई सुरेन्द्र सिंह जाटव तथा वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर की वन परिक्षेत्र अधिकारी रेवा सिंह परस्ते के निर्देशन में वन अमले ने अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात्रि गश्ती के दौरान वन अमले ने बीट कन्हारी के वन कक्ष क्रमांक 577 (रिजर्व फॉरेस्ट) क्षेत्र में प्रतिबंधित स्थान से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते हुए बिना नंबर के सोनालिका ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं एक मोटरसाइकिल को पकड़ा। मामले में ट्रैक्टर चालक नान्हू सिंह मरावी के विरुद्ध मध्यप्रदेश अभिवहन वनोपज नियम तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 52 के तहत राजसात कार्यवाही का प्रकरण दर्ज किया गया है।

# राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली से किसान परेशान

कई महीनों से स्थाई नायब तहसीलदार पदस्थ ही नहीं हैं



**अमरपुर नवभारत 16 अप्रैल।** उप तहसील कार्यालय अमरपुर में कई महीनों से स्थाई नायब तहसीलदार पदस्थ ही नहीं हैं। जिसे पूरे ब्लॉक भर के किसान भारी परेशान हो रहे हैं। अधिकांश किसान नामांतरण, त्रुटि सुधार एवं अन्य राजस्व से संबंधित कार्य लंबे समय बीत जाने के बावजूद भी नहीं हो पा रहे हैं। ग्राम सारंगढ़ के किसान अमर सिंह ने बताया कि उनके द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी डिंडौरी में एक वर्ष पूर्व त्रुटि सुधार का प्रकरण दर्ज कराया गया था। परंतु एक वर्षो से अधिक समय बीत जाने के बावजूद भी उप तहसील कार्यालय अमरपुर से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिंडौरी तक प्रतिवेदन नहीं पहुंच पाया हैं। किसान अपने गांव से उप तहसील कार्यालय तक आवागमन कर रहा हैं, जिससे किसान का समय एवं पैसे दोनों खर्च हो रहे हैं। वह भारी परेशानी महसूस कर रहा हैं। उक्त उप तहसील कार्यालय के लिए यह कोई एक नया प्रकरण नहीं हैं, सैकड़ों क्षेत्रीय किसान अपनी राजस्व से संबंधित प्रकरणों के परेशानियों से निरंतर जूझ रहे हैं।

**इनका कहना है**

मैंने क्षेत्रीय किसानों से प्रकरण की छायाप्रति मंगाई है। अधिक प्रकरण होने पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर किसानों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी की ओर से करेंगे।

**महेंद्र ठाकुर, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर**